कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने किया केंद्रीय भंडार गृह तथा भारतीय खाद्य निगम का शैक्षणिक भ्रमण

दिनांक 04/04/2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा आज दिनांक 4 अप्रैल 2026 को केंद्रीय भंडार गृह तथा भारतीय खाद्य निगम, नकहा (गोरखपुर) का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भंडारण प्रणाली, खाद्यान्न प्रबंधन तथा आपूर्ति श्रृंखला की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व कृषि संकाय के प्राध्यापक डॉ. आयुष कुमार पाठक द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान केंद्रीय भंडार गृह के प्रबंधक श्री राहुल चौहान ने विद्यार्थियों को भंडारण से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ विस्तारपूर्वक प्रदान कीं। उन्होंने गोदाम प्रबंधन, अनाज के वैज्ञानिक भंडारण, गुणवत्ता नियंत्रण, कीट प्रबंधन तथा आधुनिक भंडारण तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। डिप्टी मैनेजर आनंद गुप्ता ने खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण तथा रख रखाव से संबंधित सावधानियों पर प्रकाश डाला।